प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26.07.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 25वें करगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि, अग्निपथ योजना पर गलत सूचना फैलाने के लिए विपक्ष की आलोचना की।
- झारखंड विधानसभा का छह दिवसीय मानसून सत्र आज से शुरु, भाजपा विधायकों ने सदन के बाहर बांग्लादेशी घुसपैठ समेत कई मामलों पर किया प्रदर्शन।
- झारखंड के नये डीजीपी अनुराग गुप्ता ने संभाला पदभार, कहा–नारकोटिक्स, साइबर, वायलेंट क्राइम और महिलाओं की सुरक्षा शीर्ष प्राथमिकता।
- झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु चौधरी की नियुक्ति रद्द करने के सरकार के फैसले पर लगायी रोक।
- जमीन घोटाला मामले में छठे समन के बाद इडी के सामने हाजिर हुए रांची का जमीन कारोबारी कमलेश कुमार, पूछताछ जारी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज द्रास में करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि लद्दाख की ये महान भूमि करगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ की साक्षी बन रही है।

श्री मोदी ने देश के रक्षा क्षेत्र में किए गए सुधारों की सराहना करते हुए अग्निपथ योजना के बारे में भ्रामक सूचनाएं फैलाने के लिए विपक्ष की आलोचना की। उन्होंने कहा कि यह देश में होने वाले महत्वपूर्ण सुधारों में से एक है और इससे भारत का सामर्थ्य बढेगा।

****

झारखंड विधानसभा का मॉनसून सत्र आज से शुरू हो गया है। पहले दिन विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने शोक प्रकाश के साथ सदन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होने बीते सत्र से अब तक दिवंगत हुए लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। इसके बाद सदन में एटीआर रिपोर्ट पेश किया गया। फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी समेत कई विधायकों ने शोक प्रकाश व्यक्त किया। इसके बाद सदन को सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

****

इससे पहले विधानसभा के बाहर भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने राज्य में खनिज–संपदा की लूट, बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता नहीं दिए जाने, हर साल पांच लाख नौकरी का वादा पूरे नहीं करने और संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ के मुद्दे पर प्रदर्शन किया। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य में जिस प्रकार डेमोग्राफी में परिवर्तन हो रहा है, वह लोकतंत्र के लिए खतरे की घंटी है।

****

राज्य में भाजपा के डेमोग्राफी परिवर्तन के आरोप पर पलटवार करते हुए मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं रह गया है। बांग्लादेशी घुसपैठ का शिगूफा विपक्ष का चुनावी स्टंट है।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा है कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी हम सुरक्षित रहेंगे। यदि पेड़–पौधे नहीं होंगे तो प्राणियों पर खतरा उत्पन्न हो जाएगा। वे आज विधानसभा परिसर में आयोजित 75वें राज्यव्यापी वन महोत्सव को संबोधित कर रहे थे।

****

झारखंड के नये डीजीपी अनुराग गुप्ता ने पदभार संभाल लिया है। निवर्तमान डीजीपी अजय कुमार सिंह ने उनका स्वागत किया पदभार संभालने के बाद श्री गुप्ता ने अपनी प्राथमिकताएं गिनाईं।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष हिमांशु चौधरी की नियुक्ति रद्द करने के सरकार के आदेश पर रोक लगा दी है। हिमांशु चौधरी को इसी वर्ष जुलाई महीने में सरकार ने पद से हटा दिया था, जिसके खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

****

जमीन घोटाला मामलें में इडी के छठे समन पर आज रांची के जमीन कारोबारी कमलेश कुमार जांच एजेंसी के समक्ष हाजिर हुए। इडी के अधिकारी उनसे पूछताछ कर रही है। गौरतलब है कि ईडी ने 21 जून को कमलेश के घर पर छापेमारी की थी। इस छापेमारी के दौरान उसके घर से एक करोड़ कैश और 100 कारतूस बरामद हुए थे।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिले में किसान समूहों को लाइसेंस देने के कार्य में तेजी लाई गई है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

********समाप्त********